तापमान

अधिकतम 36 .3 डिग्री
न्यूनतम 20 .3 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025



11 मरीजों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य : कुलपति



12 रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का ...




## खबर संक्षेप



### महात्मा गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गरिमामयी वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने विश्व को सत्य, अहिंसा और आत्मबल का मार्ग दिखाया, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश को ईमानदारी, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा दी।

### सांपला में बारिश से सड़कों पर भरा पानी

**सांपला।** इलाके में गुरुवार को एक बार फिर बारिश हुई। तेज बारिश होने से कस्बे की सड़कों पर पानी भर गया। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि पिछले कई महीने से रेलवे फाटक मार्ग झज्जर मार्ग और खरखोदा रोड पर पानी भरने की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। गुरुवार को भी सड़कों पर जगह जगह पानी भर गया जिसे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। पानी और सड़क में गड्ढों से कम ई दो पहियां वाहन पानी में ही बंद हो गए। वहीं जिन खेतों में पानी कम हुआ था दौबारा पानी हो गया।

### वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया




**सांपला।** ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की शाखा सांपला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया। सुबह कस्बे में गौरवपूर्ण वृद्धा अवस्था एवं सम्मान पर एक झांकी निकाली गई। जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। जिन्होंने अपने हाथों में तिरंगा और बुजुर्गो का सम्मान लिखे पोस्टर लिए हुए थे। उसके बाद वरिष्ठ नागरिकों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया। संचालन ललित भाई ने बताया कि इसमें बहन प्रेम, कैप्टन सुरेश ओहलयाण, राजकिशन, डाक्टर सचदेवा,मां कृष्ण लाल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### डॉ मधुकांत के उपन्यास 'गूगल बॉय' का लोकार्पण



**रोहतक।** हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा मैना पर्यटन स्थल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर साहित्यकार डॉ मधुकांत के उपन्यास 'गूगल बॉय' के अंग्रेजी संस्करण का लोकार्पण किया गया। इस उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद पवन गहलोत ने किया है। लोकार्पण समारोह हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ के वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी, महासचिव महेश जोशी, जॉइंट सेक्रेटरी अनिल जोशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रेडक्रॉस के सचिव श्याम सुन्दर ने इस अवसर पर बताया कि यह उपन्यास स्वैच्छिक रक्तदान पर केंद्रित है और साहित्य के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है।

# वन्यजीव सप्ताह की सौगात, तिलियार लेक चिड़ियाघर में सात अक्टूबर तक मुफ्त एंट्री

**प्राकृतिक खूबसूरती और जीव-जंतुओं का आनंद ले सकेंगे शहरवासी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

तिलियार लेक स्थित चिड़ियाघर में इस बार वन्यजीव सप्ताह खास अंदाज में मनाया जा रहा है। 1 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक यहां आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क कर दिया गया है। यानी इस दौरान पर्यटकों को टिकट के पैसे नहीं देने होंगे और वे खुलकर यहां की प्राकृतिक खूबसूरती और जीव-जंतुओं का आनंद ले सकेंगे। वन्यजीव संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल 1 से 7 अक्तूबर तक पूरे देश में वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में तिलियार लेक चिड़ियाघर प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।




### बच्चों व युवाओं को वन्यजीवों के महत्व से जोड़ना

अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को यहां आकर्षित करना और बच्चों व युवाओं को वन्यजीवों के महत्व से जोड़ना है। तिलियार लेक का चिड़ियाघर रोहतक ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। यहां रोजाना हजारों लोग घूमने आते हैं। बच्चों के लिए यह जगह खास तौर पर पसंदीदा है क्योंकि यहां सिर्फ चिड़ियाघर ही नहीं, बल्कि कई अन्य मनोरंजन गतिविधियां भी मौजूद हैं। यही वजह है कि छुट्टियों और वीकेंड पर यहां पैर रखने तक की जगह कम पड़ जाती है।

### इस पहल से बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या

मुफ्त प्रवेश मिलने के बाद यहां पर्यटकों की संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है। स्कूल और कॉलेज भी इस दौरान अपने शैक्षिक भ्रमण की योजना बनाते हैं ताकि विद्यार्थी जीव-जंतुओं को करीब से देख सकें और उनसे जुड़ी जानकारी हासिल कर सकें। यह अवसर सिर्फ मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि शिक्षा और जागरूकता के लिए भी है। वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के महत्व को समझने का सबसे अच्छा तरीका इन्हें नजदीक से देखना है।

### मनोरंजन केंद्र भी आकर्षित करेगा

चिड़ियाघर में शेर, तेंदुआ, बाघ, चीता, भालू, हिरण, मगरमच्छ और कई दुर्लभ पक्षी प्रजातियां मौजूद हैं। आमतौर पर बच्चे इन जानवरों को किताबों और टीवी पर देखते हैं, लेकिन इस सप्ताह उन्हें नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही यहां बनी बोटिंग सुविधा, पार्क और मनोरंजन केंद्र पर्यटकों के लिए अतिरिक्त आकर्षण का कारण बनते हैं।

### उठा सकेंगे आनंद

1 से 7 अक्टूबर तक यहां आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क कर दिया गया है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के महत्व को समझने का सबसे अच्छा तरीका इन्हें नजदीक से देखना है। लोग यहां आकर न सिर्फ आनंद उठाएंगे बल्कि वन्यजीवों को सुरक्षित रखने का संदेश भी घर ले जाएंगे।
-**मोहित सिंधु**, ठेकेदार, चिडियाघर

**तैयारी पूरी : आईएमटी में साबर डेयरी के 325 करोड़ से नवनिर्मित प्लांट का करेंगे उद्घाटन**

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह आज रोहतक को देंगे 6.25 करोड़ की सौगात

**मदवि में 2200 कारीगरों को टूल किट और 301 करोड़ की मार्जिन मनी भी देंगे**

*शहर में केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को लेकर मदवि सहित आईएमटी एरिया में 1500 से अधिक जवानों को ड्यूटी दी गई है। कई जगहों पर आमजन का प्रवेश वर्जित रहेगा। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।*



**शहर में थ्री लेयर सुरक्षा, कई जिलों के 1500 से अधिक पुलिस जवान तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को हरियाणा के दौरे पर हैं। वह सुबह रोहतक पहुंचेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आईएमटी में साबर डेयरी के नवनिर्मित प्लांट का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना पर 325 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। शाह के दौरे को लेकर पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस द्वारा तमाम तरह की तैयारियां की गई हैं। आसपास के जिलों से पुलिस बल को यहां तैनात किया गया है। मदवि सहित आईएमटी एरिया में 1500 से अधिक जवानों को ड्यूटी दी गई है। कई जगहों पर आमजन का प्रवेश वर्जित रहेगा। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिस द्वारा थ्री लेयर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए गए हैं।




**रोहतक।** ट्रैफिक व्यवस्था संभालते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

*शाह के दौरे से पहले रात को निगम द्वारा मशीन भेज कर सड़कों पर गड्ढे भरवा दिए गए। यह सड़क कई साल से जर्जर अवस्था में थी जिसकी वजह से यहां बहुत हादसे हो चुके हैं।*

### प्रशासन की तैयारियां पूरी

गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। सभी प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी हैं। अधिकतर थानों से स्टाफ को आयोजन स्थलों पर तैनात किया गया है।

### एक हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा साबर डेयरी प्लांट में स्थापित की गई मशीनों का शुभारंभ किया जाएगा। संयंत्र के शुरू होने से लगभग एक हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। साबर डेयरी का रोहतक में निर्मित भारत का सबसे बड़ा दही, छाछ और योगर्ट उत्पादन संयंत्र है। संयंत्र की 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन दही उत्पादन क्षमता, 3 लाख लीटर प्रतिदिन छाछ उत्पादन क्षमता, 10 लाख लीटर प्रतिदिन योगर्ट उत्पादन क्षमता और 10 मीट्रिक टन प्रतिदिन मिठाई उत्पादन क्षमता है। संयंत्र के शुरू होने से लगभग 1000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। कृषि और दुग्ध व्यवसाय पर निर्भर ग्रामीणों के लिए यह प्लांट एक बड़ा अवसर साबित होगा

### शाह जनसभा को भी संबोधित करेंगे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित खादी कारीगर महोत्सव में 2200 कारीगरों को टूल किट भी वितरित करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के तहत केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्वदेशी से स्वावलंबन थीम के तहत आयोजित खादी कार्यक्रम महोत्सव में आधुनिक मशीनों, टूल किट एवं पीएमईजीपी की 301 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी का वितरण भी करेंगे। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा पीएमईजीपी इकाइयों, केंद्रीय पूनी संयंत्र एवं खादी ग्रामोद्योग भवनों का उद्घाटन भी किया जाएगा। अमित शाह कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**बुराई पर हुई अच्छाई की जीत**



## धूं धूंकर जला रावण का पुतला

**रोहतक।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा शहर में धूमधाम से मनाया गया। पुराना बस अड्डा, वैश्य कॉलेज परिसर, ओल्ड आईटीआई, गौकर्ण धाम सहित कई जगह रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व श्रीराम की शोभा यात्राएं निकाली गई। मेले में भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे निपटने के लिए पुलिस बल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेले में उमड़ी भारी भीड़ की वजह से एम्बुलेंस काफी देर तक रोड जाम में फंसी रही। *(विस्तृत खबर पेज 12 पर)*

**संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा**

## स्वयंसेवकों ने 12 स्थानों पर किया शस्त्र पूजन व पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। इस अवसर पर संघ का पहला कार्यक्रम विजयदशमी उत्सव के रूप में 2 से 5 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। शताब्दी वर्ष की शुरुआत जिले में 12 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों से हुई, जिनमें 745 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया। जिले में नगर में चार, कलानौर में दो, मकरौली में दो, लाखन माजरा में दो, सापला में एक और महम खंड में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी स्थानों पर उत्सव का वातावरण अत्यंत उत्साह और गरिमा से भरा रहा।



### ध्वज वंदन से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम

संघ के इस पावन पर्व की शुरुआत ध्वज वंदन की विधिवत प्रक्रिया के साथ हुई। विजयदशमी, जिसे संघ स्थापना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, संघ की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। इस उत्सव ने समाज में एकता, बंधुत्व और राष्ट्रप्रेम के मूल्यों को और अधिक सशक्त किया।

## ड्यूटी के दौरान एएसआई की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की ड्यूटी में तैनात एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना पुरानी सब्जी मंडी में तैनात एएसआई यशवीर की 2 अक्टूबर सुबह 11:30 बजे स्वराज सदन से पब्लिक एंट्री गेट तक पेट्रोलिंग ड्यूटी लगी हुई थी। ड्यूटी के दौरान अचानक उन्हें चक्कर आ गए, जिसके बाद सहकर्मी उन्हें तत्काल पीजीआई लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस प्रशासन ने कर्मी का पोस्टमार्टम करवाकर शव को उनके परिजनों को सौप दिया। एएसआई यशवीर की अचानक हुई मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। सहकर्मियों ने कहा कि यशवीर अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित और ईमानदार अधिकारी थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार

### सेवा पखवाड़ा: खिलाड़ियों को मिला खेल का सामान

**रोहतक।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 2 अक्तूबर को सर छोटूराम स्टेडियम में खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष, बीजेपी सतीश नांदल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों को खेल सामग्री भेंट की। इस्माइला की सरपंच मुकेश कुमार को 6 हैंडबॉल और 6 वॉलीबॉल दिए गए। गढ़ी सांपला की सरपंच ऋतु को भी 6 हैंडबॉल और 6 वॉलीबॉल प्रदान किए गए। लाढ़ौत के सरपंच संदीप और गिरावड़ के सरपंच कर्मजीत को 6-6 हैंडबॉल मिले। रुड़की की सरपंच संतोष को 6 वॉलीबॉल दी गईं। टिटौली के सरपंच रोहतास और कंसाला की सरपंच स्नेहलता को 6-6 हैंडबॉल और 6-6 वॉलीबॉल वितरित की गईं। इसके अलावा जिला पार्षद बोहर मनीषा को 6 हैंडबॉल, 6 वॉलीबॉल और एक हैंडबॉल नेट दिया गया। भैयापुर लाढ़ौत की सरपंच रेणु को 6 वॉलीबॉल मिलीं। खेल सामग्री वितरण का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को खेल मैदानों से जोड़ना है।

## रजत पदक जीतकर लौटी हरियाणा सब जूनियर बैडमिंटन टीम का भव्य स्वागत



**रोहतक।** हरियाणा की सब जूनियर बालिका बैडमिंटन टीम ने 44वीं सब जूनियर व 71वीं सीनियर नेशनल बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता में इतिहास रच दिया। तमिलनाडु के डिंडीगुल में 24 से 28 सितंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के 71 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि उत्तर भारत से किसी टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा युवा नेता जतिन वालिया और समाजसेवी काला गाधरा ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। इस दौरान स्टेशन पर खिलाड़ियों के परिजनों और हरियाणा बाल बैडमिंटन संघ के सदस्यों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की खिलाड़ी मन्नू कुमारी को "बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। उनका खेल सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। टीम को इस सफलता तक पहुंचाने में कोच हरवीर राठी की भूमिका अहम रही।

**यात्रा सुगम होगी** | दो ट्रेनें प्रतिदिन और दो ट्रेनें साप्ताहिक रूप से चलेंगी

# दीपावली पर रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी हरियाणा से चलेंगी पांच लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

त्योहारों के मौसम में घर लौटने वालों की भीड़ रेलवे स्टेशनों पर साफ झलकने लगती है। दीपावली और उसके बाद आने वाले गोवर्धन पूजा व भैया दूज के मौके पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस बार हरियाणा को विशेष तोहफा दिया है। रेलवे प्रशासन ने घोषणा की है कि अक्टूबर और नवंबर में हरियाणा से कुल पांच स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें दो ट्रेनें प्रतिदिन और दो ट्रेनें साप्ताहिक रूप से चलेंगी। बता दें कि मदार से रोहतक और रोहतक से मदार स्पेशल ट्रेनें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक हर दिन



यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। वहीं हिसार से खड़की और खड़की से हिसार के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेनों का संचालन 12 अक्टूबर से शुरू होकर 10 नवंबर तक जारी रहेगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस फैसले से न केवल हरियाणा बल्कि आसपास के जिलों के यात्रियों को भी काफी राहत मिलेगी।

### राजस्थान, महाराष्ट्र व गुजरात की तरफ जाना होगा आसान

रेलवे अधिकारियों का मानना है कि दीपावली के दौरान सबसे अधिक दबाव दिल्ली और हरियाणा से सटे स्टेशनों पर देखा जाता है। इस बार रेवाड़ी, रोहतक और हिसार से चलने वाली विशेष ट्रेनों के जरिए राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों तक यात्रा करना बेहद आसान हो जाएगा। रेलवे की ओर से पहले ही शेड्यूल जारी कर दिया गया है, ताकि यात्री अपनी योजना के अनुसार अग्रिम टिकट बुक करा सकें।

### यह रेलगाड़ी जो लंबे रूटों पर दौड़ेंगी

मदार-रोहतक स्पेशल प्रतिदिन, 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, रोहतक-मदार स्पेशल प्रतिदिन, 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, हिसार-खड़की स्पेशल साप्ताहिक, 12 अक्टूबर से 9 नवंबर (रविवार) और खड़की-हिसार स्पेशल साप्ताहिक, 13 अक्टूबर से 10 नवंबर (सोमवार) तक यह ट्रेनें चलेगी। ताकि यात्रियों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### त्योहारों पर मारामारी

त्योहारों पर यात्रियों की संख्या अचानक कई गुना बढ़ जाती है। कामकाजी लोग घर लौटना चाहते हैं, वहीं ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े यात्री अपने परिजनों से मिलने के लिए निकल पड़ते हैं।

### 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक सुविधा

मदार से रोहतक और रोहतक से मदार स्पेशल ट्रेनें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक हर दिन यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। वहीं हिसार से खड़की और खड़की से हिसार के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेनों का संचालन 12 अक्टूबर से शुरू होकर 10 नवंबर तक जारी रहेगा।
-**शशि किरण**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे

हरिभूमि बालभूमि
haribhoomi.com
रोहतक, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत
रजनी अरोड़ा




बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।




वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बतख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1. दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।

2. गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3. रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दूध, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

# लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता
डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खग पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप



## सुनो नहरों की पुकार मिशन तीन दिन से जारी

**रोहतक।** नवरात्रि और दशहरे के अवसर पर नहरों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए "सुनो नहरों की पुकार मिशन" के तहत तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। अष्टमी, नवमीं और दशमीं पर वॉलंटियर्स ने लगातार 43 घंटे नहर पुलों पर डटे रहकर श्रद्धालुओं द्वारा लाए गए निर्मालय सामग्री, मूर्तियां, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, छोटे मंदिर व अन्य धार्मिक सामान को नहरों में जाने से रोका और उचित विधि-विधान से भूमि विसर्जन किया। इस दौरान जल सेवाएं फीडर मंडल रोहतक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के दौरान लगभग 15 ट्राली धार्मिक सामग्री एकत्रित हुई, जिसे गंगाजल छिड़ककर मंत्रोच्चार के साथ बड़े गड्ढों में विसर्जित किया गया। मिशन के संस्थापक मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह ने बताया कि यह अभियान श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण दोनों को ध्यान में रखकर चलाया गया। उन्होंने कहा कि किसी की आस्था का अनादर न हो और जल प्रदूषण भी न फैले, यही मिशन का उद्देश्य है।



## पूजा-अर्चना का पर्व दुर्गा पूजा संपन्न

**रोहतक।** बंगाली समुदाय द्वारा जाट भवन में आयोजित की जा रही इस सर्वजनिन दुर्गा पूजा में वीरवार विजय दशमी के दिन सुबह पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। पुष्प-मिष्ठान्न, मंत्रोच्चारण के साथ, मां दुर्गा की स्तुति की गई। शंख ध्वनि के साथ आरती की गई। सुहागन महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। सुहागन रहने की मंगल कामना करते हुए महिलाओं ने खुशी का इजहार किया। देवी मां का वरण भी महिलाओं ने किया। दुर्गा पूजा के अंतिम दिन मां दुर्गा, देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी, गणेश देव, कार्तिकेय देव की विदाई की बेला नम आंखों से श्रद्धालुओं ने इन देवी-देवताओं को नमन किया।

### डॉ. अग्रवाल ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को विजयदशमी, गांधी और शास्त्री जयंती की शुभकामनाएं दीं

# मरीजों की सेवा बड़े पुण्य का कार्य: वीसी

न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के पास चलाया स्वच्छता अभियान और पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





जहां हम नौकरी कर रहे हैं, वहां हमें मरीजों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है जो बहुत ही बड़े पुण्य का कार्य है। हम सभी को मिलकर निस्वार्थ भाव से संस्थान की उन्नति में सहयोग देना चाहिए। हमें यह सोचकर कार्य करना चाहिए कि हम किसी मंदिर में सेवा कर रहे हैं क्योंकि किसी के जीवनदान में सहयोग देना भगवान की सेवा के समान होता है।

यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल का। वे शुक्रवार को न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के पास चलाए गए स्वच्छता अभियान एवं एससी/एसटी एसोसिएशन द्वारा करवाए गए पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे।

डॉ अग्रवाल ने उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों को विजयदशमी, महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती की शुभकामनाएं दीं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि सभी कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं, लेकिन वे चाहते हैं कि इसे और तेज गति से बढ़ाया जाए ताकि विश्वविद्यालय देश के पहले तीन टॉप विश्वविद्यालयों में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि संस्थान सभी के सहयोग से बनता है और वे कर्मचारियों के हित के लिए सदैव उनके साथ हैं। कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने क्लीन कैंपस और ग्रीन कैंपस मुहिम पर जोर देते हुए कहा कि जल्द ही कैंपस को इतना स्वच्छ और हरित बनाया जाए कि बाहर के लोग भी इसे एक उदाहरण के रूप में देखें और कर्मचारियों को सैर के लिए बाहर न जाना पड़े। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल ने कहा कि संस्थान कुलगुरु डॉ अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। डॉ सिंघल ने कहा कि जैसे पौधे वातावरण को स्वच्छ रखते हैं, वैसे ही हमें अपने धरातल को स्वच्छ रखना चाहिए । न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष एवं सिक्योरिटी विभाग के इंचार्ज डॉ रोहित ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत विभाग में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अशोक कांगड़ा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन कैंपस में करीब 600 पौधे उनके संगठन द्वारा दिए गए जिसमें से अधिकतर पौधे आज संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से लगाए गए।

■ विश्वविद्यालय देश के पहले तीन टॉप विश्वविद्यालयों में लाना होगा

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ उमेश यादव, डॉ पंकज छिक्कारा, डॉ रोहित, डॉ महेश माहला, सेक्रेटरी संजीव कुमार, कृष्ण गोच्छी, सचिव बिजेन्द्र शर्मा, पूर्व महा सचिव परवीन सैनी,एल टी एसोसिएशन प्रधान सुनील मांडी, ओ टी एसोसिएशन प्रधान कुलदीप,नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फोगाट, मनोज खटाना ,कृष्ण, जय भगवान शर्मा, अशोक,पूर्व प्रधान तारीफ सिंह, संजय सिंहमार वरिष्ठ उप प्रधान, अशोक वशिष्ठ, सुरेंद्र यादव ,संजय शर्मा, सतीश सोनी, कुलदीप पवार, दिनेश कांगड़ा, अजीत , सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संस्थान की उन्नति के लिए करते रहेंगे कार्य: कांगड़ा

एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अशोक कांगड़ा ने कहा किउनकी संगठन का प्रयास रहेगा कि हमेशा अधिकारियों के साथ मिलकर संस्थान की उन्नति के लिए कार्य करना है। एसोसिएशन के महा सचिव धर्मेंद्र गोठवाल ने भी इस अवसर अपने विचार साझा किए। नर्सिंग संगठन के अध्यक्ष मनोज खटाना व प्रधान विकास फोगाट ने बताया कि वृक्षारोपण कर धरती माँ और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया गया।

## रिया बल्हारा ने नेशनल जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ रिया बल्हारा को खेल विरासत में मिला है। दादा धर्मवीर फुटबॉल और कुश्ती के जाने-माने खिलाड़ी रहे हैं

आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट की छात्रा और बहु अकबरपुर निवासी रिया बल्हारा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राजस्थान के गंगानगर में आयोजित सीबीएसई नेशनल जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। रिया बल्हारा को खेल विरासत में मिला है।

उनके दादा धर्मवीर पहलवान फुटबॉल और कुश्ती के जाने-माने खिलाड़ी रहे हैं, जबकि पिता नरेंद्र बल्हारा राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ी रहे हैं। रिया ने बताया कि पिता का अटूट समर्थन और मार्गदर्शन उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने 2024 में जूडो खेलना शुरू किया और कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ दी।पिता नरेंद्र ने जानकारी दी कि रिया ने प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वर्तमान में रिया छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में अभ्यास करती हैं। मेहताब सिंह जूडो अकादमी के कोच अजय, डॉ. शक्ति सिंह, सोमबीर, विकास और परीक्षित ने रिया को इस सफलता पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पहले रिया ने सितंबर में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और नेशनल कुराश प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। उनकी उपलब्धियों की बदौलत शिक्षा विभाग ने उन्हें अक्टूबर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है।

### संस्थान ने किया सम्मानित

आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के संचालक डॉ. अशोक दुहन ने रिया की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि रिया ने जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने रिया के मनोबल को बढ़ाते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी।



## जैड ग्लोबल स्कूल में डांडिया नाइट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओमैक्स सोसाइटी, सेक्टर-26 स्थित जैड ग्लोबल स्कूल में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी होकर पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राची गर्ग रहीं। उनके साथ आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरती साहू, डॉ. ताशी तथा अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक भी मौजूद रहे। सफल आयोजन में शालिनी सारस्वत, डॉ. प्रमिला, अंजु, निशु, मेनका, डॉ. चंचल, डॉ. नीतू, अनामिका, शशि, प्रीति एवं डॉ. आशा का विशेष योगदान रहा।

### प्रतिभागियों ने जमकर नृत्य किया

डांडिया की पारंपरिक धुनों पर प्रतिभागियों ने जमकर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास एवं उमंग से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें प्रतिभागियों को डांडिया क्वीन जैसे आकर्षक टाइटल प्रदान किए गए। संपूर्ण आयोजन को सभी ने सराहा और इसे समाज में सांस्कृतिक एकता एवं उत्सवधर्मिता को बढ़ावा देने वाला सकारात्मक कदम बताए।

## महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : अवनीश

■ सैनी एजुकेशन सोसायटी ने महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहक



सैनी एजुकेशन सोसायटी के मुख्य कार्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारीगण, कार्यकारी सदस्यगण और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गांधी के सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के सिद्धांत और शास्त्री के सादगी, निर्भीक नेतृत्व और 'जय जवान, जय किसान' के संदेश भी समाज को प्रेरणा देते हैं। सभी पदाधिकारियों ने सदस्यों से इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना को बल देने पर जोर दिया। सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती को सामाजिक एकता, सहयोग और राष्ट्रहित में योगदान की प्रेरणा के रूप में मनाना चाहिए। सैनी एजुकेशन सोसायटी की गर्वनिंग बॉडी के सभी पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यगण और गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम को गरिमा और प्रेरणा का स्रोत बनाने में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सोसाइटी की ओर से सभी उपस्थितजनों का आभार प्रकट किया गया और महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोसाइटी के संरक्षक एवं दोनों कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया, उप-प्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी, सह-सचिव रविंद्र कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष नफे सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य एवं स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी, महासचिव डॉ. राजेश सैनी, मैनेजर श्याम कटारिया, गौतम सैनी, नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, भंवर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा पर जटेला धाम में विशेष खीर का वितरण

**रोहतक।** गांव माजरा दूबलधन स्थित प्रसिद्ध जटेला धाम में 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशेष खीर आयोजन किया जाएगा। धाम के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह राणा ने बताया कि इस पावन रात्रि को दुर्लभ औषधियों से तैयार खीर श्रद्धालुओं में वितरित की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि यह खीर पूरी तरह आयुर्वेदिक पद्धति से बनाई जाती है और इसमें कई प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों का मिश्रण किया जाता है। मान्यता है कि इस खीर का सेवन दमा, नजला और खांसी जैसी बीमारियों के उपचार में बेहद लाभकारी होता है। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर जटेला धाम पहुंचकर खीर प्रसाद का सेवन करते हैं। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा का यह अवसर धाम के वार्षिक कार्यक्रमों में सबसे विशेष माना जाता है। रातभर चलने वाले इस आयोजन में भक्तजन आध्यात्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन का आनंद लेते हैं और सुबह तक खीर वितरण का कार्यक्रम चलता है।

धाम प्रबंधन समिति का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। गांव माजरा दूबलधन ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु इस अवसर पर जटेला धाम पहुंचते हैं।

## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में मनाया विजयदशमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में विजयदशमी का पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य आकर्षण रामलीला का मंचन और रावण के पुतले का दहन रहा। छात्रों ने रामलीला के माध्यम से अच्छाई और बुराई के संघर्ष की पौराणिक कथा को जीवंत होते देखा। रावण दहन कार्यक्रम ने उन्हें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

### विजय दशमी का महत्व बताया

विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना ने रावण दहन कर छात्रों को विजयदशमी के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस पर्व से हमें हमेशा सत्य



और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि दशहरा केवल पर्व नहीं बल्कि जीवन में पुण्य आचरण और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उल्लास और सांस्कृतिक माहौल से सराबोर रहा।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर रोहतक रनर्स ग्रुप की श्रद्धांजलि दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर बृहस्पतिवार को रोहतक रनर्स ग्रुप ने गांधी-शास्त्री जयंती दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से धावकों ने दोनों महान विभूतियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह 6:30 बजे छोटूराम स्टेडियम से आरंभ हुई यह दौड़ डी-पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंची। वहां सभी धावकों ने पुष्प अर्पित कर बापू को नमन किया।



इसके उपरांत दौड़ का समापन पुनः छोटूराम स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर वेटेरन धावक रामफल फोगाट, बिमला बनवाला, मेजर परवेश, सज्जन धनखड़, बलराज तोमर, जितेंद्र हुड्डा, तुलसी लखेड़ा, अजय मलिक, गर्वित, तनमय, दीपाली लखेड़ा, चिराग अहलावत, यश कालीरमन, राजबीर मकड़ौली, चरणजीत खोखर, प्रो. अशोक यादव, कोच रोहित राठी, अनिल नहरा, नरपेंद्र सिंह, रवित, सोनू सहारण, शुभम, बादल, अंकित, जतिन, सन्नी सांपला, अभिषेक, और बलदेव मल्होत्रा सहित बीएम खबर टीम ने भी सक्रिय भागीदारी की। दौड़ के दौरान सभी प्रतिभागियों ने गांधी और शास्त्री के विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## मॉडल स्कूल महम के बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ



**महम।** स्वच्छता की शपथ लेते मॉडल स्कूल महम के विद्यार्थी।

**महम।** महम नगर पालिका द्वारा मॉडल स्कूल महम में स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान तीसरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने घर, विद्यालय और शहर को स्वच्छ रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में नगर पालिका से स्वच्छता निरीक्षक ब्रह्मजीत सिंह, ऑपरेटर विकास एवं सुपरवाइजर अंकित विशेष रूप से उपस्थित रहे।

■ नगर पालिका से स्वच्छता निरीक्षक ब्रह्मजीत सिंह ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया

उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है और विद्यार्थी इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के चेयरपर्सन व उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सचिव राजेश सहगल ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी डॉ. हिमांशु शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। स्वच्छता के नारों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर प्रेरित किया।

प्रदर्शन | महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर किया नमन

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में नागरिक मंच का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




गांधी जयंती पर मानसरोवर पार्क में सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में नागरिक मंच द्वारा प्रदर्शन आयोजित किया गया। नागरिक मंच के संयोजक लाभ सिंह हुड्डा ने सभा में उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आह्वान किया कि सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए जनसभाओं की अपील की। महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर उनकी शहादत को नमन करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए अहिंसक आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य अध्यक्ष प्रमोद गौरी ने लद्दाख के पर्यावरणविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को पूर्ण रूप से गलत बताते हुए उन्हें तुरंत रिहा करने की मांग की। सोनम वांगचुक की आंदोलन की मांग जो लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की जरूरत पर बल देती है, का समर्थन करते हुए उनके आंदोलन को महत्वपूर्ण करार दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडवोकेट वीना मलिक, किसान सभा से प्रीत सिंह एवं इंद्रजीत सिंह, छात्र नेता अमित, महिला नेत्री राजकुमारी दहिया, सप्तरंग की सचिव मुकेश यादव भी उपस्थित रहे।

# पेंशनर की मांगें पूरी करे सरकार: एमएल अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय पीएनबी पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन के सर्कल सचिव एमएल अरोड़ा ने सरकार से कर्मचारियों की मांगें पूरी करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर एसोसिएशन लगातार संघर्षरत है। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सरकार से अपील की है कि वित्त मंत्री द्वारा किए गए वादों को शीघ्र लागू किया जाए।

### ये हैं प्रमुख मांगें

▶▶ आरबीआई की तर्ज पर पेंशन का अद्यतन : जो पिछले 30 वर्षों से लंबित है, जबकि 4 लाख करोड़ से अधिक का पेंशन फंड और नियमित निवेश आय उपलब्ध है।

▶▶ विशेष भत्ते को पेंशन गणना में शामिल करना : 7 वें द्विपक्षीय समझौते के बाद यूएफबीयू और आईबीए की मिलीभगत से इसे पेंशन से बाहर रखा गया, जो अनुचित एवं अवैध है।

▶▶ सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा बीमा : खंडेलवाल समिति (2010) की सिफारिशों के अनुसार, जिसे सरकार ने स्वीकार किया था। वर्तमान में गरीब पेंशनर्स को भारी प्रीमियम देना पड़ता है, जबकि कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह सुविधा पूर्णतः बैंक द्वारा वहन की जाती है।

▶▶ एक्स-ग्रेशिया राशि का पुनरीक्षण एवं डीए की नई श्रृंखला (2016=100) की शुरुआत : जो कार्यरत कर्मचारियों के लिए 12वें द्विपक्षीय समझौते के तहत नवम्बर 2022 से लागू हो चुकी है।

▶▶ बैंकों के विलय के बाद जारी अधिसूचना की धारा 15 का पालन: जिसमें ईओबीसी एवं ईयूबी के सेवानिवृत्त कर्मियों को पूर्ववर्ती सुविधाएं जैसे चिकित्सा भत्ता एवं ब्याजमुक्त ऋण जारी रखने की बात कही गई थी, जो पीएनबी में विलय के बाद बंद कर दी गईं।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ ICU Staff 6
❖ PRO/Marketing Executive 6
❖ MRI Technician 2
❖ Computer Operator (Male) 2
❖ Computer Operator (Female) 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599






रोहतक। राम व रावण की लड़ाई, तीर चलाकर रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन करते पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, डॉ. आदित्य बतरा, रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले दहन होते व राम की पूजा-अर्चना करते भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल व डॉ. आदित्य बतरा । फोटो : हरिभूमि

### रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का किया दहन

# असत्य पर सत्य की जीत, रोशनी व उमंग के साथ मना दशहरा पर्व

*पुराना बस अड्डा, वैश्य कॉलेज परिसर, ओल्ड आईटीआई, गोकर्ण धाम सहित कई जगह मनाया गया पर्व, भारी तादाद में तैनात रहा पुलिस बल*

*श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित ओल्ड आईटीआई ग्राउंड में स्थित रावण वध एवं दहन, रामलीला महोत्सव में हजारों की संख्या में शहरवासी उमड़े। उन्होंने दशहरा मेला व रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले जलते देखे और जमकर सेल्फी ली। कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपुरी के सानिध्य में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, मुख्य अतिथि एल्फा मिल्क फूड लि. के एमडी विपिन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि जेड ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर डॉ. चन्द्र गर्ग, प्रदेश संयोजक शिक्षण प्रकोष्ठ भाजपा मदन लाल गोयल, उद्योगपति पवन तायल, कमेटी के प्रधान सुभाष तायल द्वारा पहले तीर कमान से तीर छोड़कर और फिर रिमोट का बटन दबाकर अग्नि प्रजवल्लित कर दहन किया।*

**मेले में उमड़ी भारी भीड़ की वजह से एम्बुलेंस काफी देर तक रोड जाम में फंसी रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा शहर में धूमधाम से मनाया गया। पुराना बस अड्डा, वैश्य कॉलेज परिसर, ओल्ड आईटीआई, गोकर्ण धाम सहित कई जगह रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व श्रीराम की शोभा यात्राएं निकाली गई। मेले में भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे निपटने के लिए पुलिस बल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेले में उमड़ी भारी भीड़ की वजह से एम्बुलेंस काफी देर तक रोड जाम में फंसी रही।

## यहां हुआ पुतलों का दहन

पुराना बस अड्डा पर प्राचीन रामलीला सोसायटी द्वारा दशहरे मेले का आयोजन किया गया। जहां पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, डॉ आदित्य बतरा और प्रधान मोहन बंसल द्वारा किया गया। इस दौरान भारी भीड़ मौजूद रही।




रोहतक। पुराना बस अड्डा पर प्राचीन रामलीला सोसायटी द्वारा दशहरे मेले में जमा भीड़ व सेक्टर एक रामलीला में भगवान राम की सेना में भाग लेते बच्चे।

## लकड़ियां लेने के लिए उमड़ी भीड़

श्रद्धालुओं की भीड़ पुतले की लकड़िया लेने के लिए उमड़ पड़ी। समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन ने कहा बुरे काम का अन्त बुरा होता है इसलिए मनुष्य बुरे काम न करके समाजहित मानव कल्याण के लिए कार्य करे। हमे अपने अन्दर छुपे अहम को कम करे हो सके तो त्याग करें। शास्त्रों में लिखा है कर्म ही पूजा है। मानव धर्म के लिए किया गया कार्य सबसे बड़ा धर्म है। उनके साथ शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपीन गोयल, गुलशन निझावन, वरूण सिंगल, अमर अरोड़ा, मनोज जिंदल, सुरेन्द्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन आदि मौजूद थे।



रोहतक। वैश्य कॉलेज के आयोजित दशहरे मेले में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो: हरिभूमि



रोहतक। श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान हनुमान। फोटो: हरिभूमि



रोहतक। श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला द्वारा श्रीराम की शोभा यात्रा।



रोहतक। श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा तीर चलाकर रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन करते एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व अन्य सदस्य।

## वैश्य कॉलेज परिसर में किया रावण दहन

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा वैश्य कॉलेज के आयोजित दशहरे मेले में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने रामलीला मंचन और रावण दहन का अवलोकन किया। हुड्डा ने देश व प्रदेश वासियों को पर्व की हार्दिक बधाई दी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रावण का दहन हमें याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर हो, अच्छाई उसे एक दिन हरा ही देती है। यह त्यौहार में संस्कारों, भारतीय मूल्यों व नारी शक्ति के सम्मान का भी संदेश देता है। इस संदेश को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।



रोहतक। रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन करते उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज व भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर।

## गोकर्ण धाम पर किया रावण दहन

श्री सनातन धर्म पंजाबी रामलीला द्वारा दशहरे मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन उप आचार्य महामंडलेश्वर गोकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिलपुरी ने किया। उनके साथ भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, अशोक गुलाटी, मदन गुलाटी, कपिल नागपाल, पिंकी आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व शहर में श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई।

## सुभाष नगर में मनाया दशहरा



रोहतक। एसएन जन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सुभाष नगर में दशहरा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम की शोभायात्रा से हुई, जो डीजे, ढोल और बैंड-बाजे के साथ पूरे सुभाष नगर की परिक्रमा करती हुई निकली। नगरवासियों ने उत्साह से यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद श्रीराम की दिव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भक्ति भाव से भाग लिया। इसके बाद रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भव्य दहन हुआ। जय श्रीराम के नारों के बीच लोगों ने धर्म की विजय का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। एसएन जन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा ने बताया कि सुभाष नगर में हर तीज त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, जो सुभाष नगर के लोगों की एकता का प्रतीक है।

# रावण का पुतला नहीं, बुराइयों को जलाने का दिन होता है दशहराः बीके चेतना

**ब्रह्मकुमारीज सेंटर पर रावण के पुतले पर बुराइयां लिखकर उनको जलाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। सेंटर पर इस दौरान नवरात्र उत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके चेतना ने की। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक नाटक का मंचन भी किया।

नाटक में हरनूर ने माया का अभिनय किया। अनन्या ने शूर्पणखां और कशिश ने रावण का रोल किया। जबकि याचना ने ब्रह्माकुमारी का अभिनय किया।



महम। बुराई रूपी रावण का पुतला दहन करती ब्रह्मकुमारी बहनें व अन्य।

नाटक के माध्यम से छात्राओं ने बताया कि माया के कई रूप हमें फंसाने के लिए जाल बिछाते हैं। लेकिन पवित्रता व तपोबल के दम पर हम उन माया के सभी रूपों से पार पा सकते हैं। बीके सुमन ने बताया कि मेडिटेशन को अपनाकर ब्रह्मकुमारीज बहनों के मार्गदर्शन और मुरली सुनकर हम अपने जीवन को आसान बना सकते हैं।

इस मौके पर बीके अनुराधा, याचना, प्रिंसिपल रोहित कुमार, पारस, सुरेंद्र ग्रोवर, जगदीश, देव, राजेश धवन, कृषि निरीक्षक अतुल, राजबाला, राजेश, अजमेर गोयत, कपिल शर्मा व त्रिदेव समेत इलाके के कई गणमान्य व्यक्ति मोजूद थे।

### रावण दहन भी किया

रावण दहन भी किया। शहर व आस पास के गांवों से पहुंचे अनुयायियों ने रावण के पुतले पर बुराइयां लिखकर पुतले का दहन किया। बीके चेतना ने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतला जलाने का दिन नहीं है, बल्कि मनुष्य के अंदर छिपी हुई नकारात्मकताओं को नष्ट करने के संकल्प लेने का दिन है। बीके सुमन ने कहा कि रावण के दस सिर दस बुराइयों के प्रतीक हैं। जीवन को खुशहाल बनाने के लिए अहंकार, क्रोध, लोभ, कामुकता, झूठ, ईर्ष्या व आलस छोड़ना होगा। कार्यक्रम में माउंट आबू से लौटे लोगों ने अपने अनुभव सांझा किए।



रोहतक। श्री रामलीला उत्सव कमेटी में जमा भीड़। फोटो : हरिभूमि

## मॉडल टाउन में मनाया दशहरा



रोहतक। मॉडल टाउन स्थित कम्युनिटी सेंटर में विजयदशमी का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। निगम पार्षद कंचन खुराना व जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अशोक खुराना ने रावण के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक खुराना ने कहा कि दशहरा हमें सिखाता है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो,अंत में जीत अच्छाई और धर्म की ही होती है। यह त्योहार अपने परिवार व समाज में प्रेम और खुशियों के साथ मनाएं। इस कार्यक्रम में धर्मवीर प्रसाद शास्त्री, देव कृष्ण शौनक, हैप्पी क्लब के प्रधान परविन्द्र मदान, जसबीर कोचर, चिराग पाहवा, हर्षिता मलिक, जयंत कुमार, राकेश वर्मा, संजय मलिक, राजेश खुल्लर, प्रजेश आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## माता मंदिर चौक पर मनाया दशहरा



रोहतक। पहाड़ा मोहल्ला स्थित माता मंदिर चौक पर दशहरा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने रावण मेघनाथ और कुंभकर्ण का पुतला फूंका। इस अवसर पर गौरव दुआ, संयम, गर्व, अर्नव, सक्षम, शुभम, मनन, रौनक, सिद्धार्थ, भरत आदि उपस्थित थे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक माडल संस्कृति स्कूल में हुई पेंटिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विद्यालय स्तर पर चयनित 25 स्कूलों के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के बीच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक माडल संस्कृति स्कूल भिवानी रोड में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विकसित राष्ट्र पर केन्द्रित व युवा, गरीब, महीलाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर आधारित पेंटिंग बना कर अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि व चित्र कला प्रतियोगिता के जिला संयोजक डॉ अशोक कुमार रंगा ने उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षक गण को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है जिसके लिए सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण , पारदर्शी शासन व सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भिवानी रोड स्कूल के छात्र बिकूं प्रथम, माडल टाउन स्कूल से प्रियंका ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भीमेश्वर को प्रशंसा पत्र तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी जयभगवान सिंहमार ने विद्यार्थियों को प्रेरणा दायक आशीर्वचन देकर अनुग्रहित किया वहीं नोडल अधिकारी व प्रिंसिपल संगीता दहिया ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रतियोगिता से हार मानने की अपेक्षा, सीखने व अपनी कमी तलाशने की सलाह दी। स्कूल प्रिंसिपल दिलावर सिंह सिवाच ने सभी मेहमानों कार्यक्रम में शामिल होने पर स्वागत एवं आभार प्रकट किया। विद्यार्थियों व अध्यापक गण ने स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी की शपथ ली। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता की सहसंयोजक सुनीता यादव, मनीष दांगी, माडोधी रागडांन सरपंच प्रतिनिधि बिजेंद्र कुमार, प्राध्यापक पंकज जैन, डॉ अमृता दलाल, सविता, विवेक बांगर,व राजीव सहित सैकड़ों व सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## केवीएम स्कूल में डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन

रोहतक। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर केवीएम स्कूल में डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के संस्थापक कर्मवीर मायना और सुनीता मायना, जीडी गोयंका प्रिंसिपल सविता नेहरा, रेखा गुलिया तथा बीएड प्रधानाचार्या धर्मावती द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, पारंपरिक दीपों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया नृत्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने मंच पर दमदार प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के दौरान माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया। वहीं गेम स्टॉल्स में ट्राई योर लक, किडनी बींस, थ्रो बॉल्स, बकेट एंड कॉइन और रिंग गेम्स जैसे रोचक खेलों का आयोजन किया गया।